An ISO 9001:2015 certified

झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, राँची

पत्रांक : Me/01/1183/2023/1347 दिनांकः 23/03/2026

प्रेषक,

एस.डी. तिग्गा,
प्रशासी पदाधिकारी।

सेवा में,

सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
सभी जिला शिक्षा अधीक्षक–सह–अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
एवं उत्कृष्ट विद्यालय के नोडल पदाधिकारी
प्रधानाध्यापक/वार्डेन/प्रभारी प्रधानाध्यापक/स्कूल मैनेजर
झारखण्ड।

विषयः राज्य के मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में शैक्षणिक वर्ष 2026–27 में कक्षा XIवीं के नामांकन हेतु दिशा निर्देश के संबंध में।

महाशय / महाशया,

उपर्युक्त विषयंक अंकित करना है कि राज्य के 80 उत्कृष्ट विद्यालयों की कक्षा XIवी में नामांकन हेतु निम्न दिशा–निर्देश दिये जाते है :–

1. CM SoE के कक्षा 10वीं के सत्र 2025–26 में अध्यनरत सभी छात्रों के provisional नामांकन करते हुए कक्षा XIवीं का संचालन 06.04.2026 से सुनिश्चित करेंगे।
2. अन्य विद्यालय के इच्छुक छात्र 11वीं कक्षा में नामांकन हेतु eVV के पोर्टल पर पूर्व की भांति ऑनलाईन आवेदन कर सकते है । इस निमित eVV पोर्टल पर आवेदन की अंतिम तिथि 20.04.2026 है।
3. कक्षा 11वीं में नामांकन के लिए प्रवेश परीक्षा 26.04.2026 को 10:00 से 01:00 बजे तक आयोजित की जाएगी। नामांकन परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र दिनांक–23.04.2026 को जारी किए जायेंगे।
4. नामांकन परीक्षा हेतु परीक्षा केन्द्र अपने विद्यालय में होगा।
5. परीक्षोपरांत उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन जिला स्तर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा कराया जायेगा एवं जिलावार आरक्षण रोस्टर का पालन करते हुए, मेधा सूची को तैयार करने में किया जाए। विद्यालयवार मेधा सूची का प्रकाशन 30.04.2026 तक कराना सुनिश्चित करेंगे।
6. चयनित बच्चों का provisional नामांकन करते हुए 11वीं कक्षा में सम्मिलित करेंगे।
7. कक्षा XIवीं के परिणाम प्रकाशन के पश्चात अनुतीर्ण होने की स्थिति में अभ्यर्थी का नामांकन रद्द किया जायेगा।
8. कक्षा XIवीं में नामांकन के लिए विद्यालय / जिला स्तर पर व्यापक प्रचार प्रसार सुनिश्चित करेंगे।

विश्वासभाजन,

23/3/2026

(एस.डी. तिग्गा)
प्रशासी पदधिकारी

ज्ञापांक : Me/01/1183/2023/1347 दिनांक 23/03/2026

प्रतिलिपिः सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड को सादर सूचनार्थ समर्पित।
प्रतिलिपिः निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, झारखण्ड को सूचनार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपिः स्टेट एम0 आई0 एस0 प्रभाग, JEPC/Ms Deloitte-Representative को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

23/3/2026

(एस.डी. तिग्गा)
प्रशासी पदधिकारी